

# 1. Basic Concept

**IN THIS SECTION**

**I. ALPHABET** **II. LETTERS** **III. WORD**
**IV. VOCABULARY** **V. SYLLABLES**

## I. ALPHABET

The complete set of letters in a language is called the alphabet.

अंग्रेज़ी में कुल 26 वर्ण (Letters) होते हैं जिन्हें Alphabet कहते है। इनमें 5 vowels (A, E, I, O, U) और 21 consonants कहलाते हैं।

## II. LETTERS

हिंदी भाषा में जिन्हें हम *वर्ण* कहते हैं वे अंग्रेज़ी भाषा में *Letters* कहलाते हैं।

ये *Letters* दो भागों में बाँटे जा सकते हैं— A. Vowels (स्वर) B. Consonants (व्यंजन)

**A. Vowels :** The letters which are pronounced with open mouth allowing the free flow to the air are called vowels.

जिन Letters का उच्चारण किसी अन्य Letters की सहायता के बिना किया जा सके, *vowels* कहलाते हैं।

**B. Consonants :** The letters which are pronounced by stopping the air flowing freely through the mouth are called consonants.

उपरोक्त पाँच *Vowels* को छोड़कर बचे हुए इक्कीस Letters *Consonants* कहलाते हैं। इनका उच्चारण *Vowels* की सहायता के बिना नहीं किया जा सकता।

**Note–** W और Y *semi vowels* कहलाते हैं। ये स्थिति अनुसार Vowel और Consonant दोनों ही तरह से प्रयोग किये जाते हैं।

## III. WORD

(Any meaningful combination of letters signifying an object, an action or a modifying or qualifying expression is called a word.)

Letters को आपस में मिलाकर लिखने से, जब उस अक्षर समूह का कोई अर्थ बनता है, तो उसे शब्द (word) कहते हैं। एक word के लिए कम-से-कम एक vowel और एक consonant का होना आवश्यक होता है। यदि vowel न हो, तो उसकी ध्वनि वाला consonant होना चाहिए; जैसे—boy, cat, school, man etc.

**Exceptions :** *A, I, O* जैसे words, में एक ही Letter है, जो इस नियम के Exceptions हैं।

## IV. VOCABULARY

The stock of words in a language is known as the vocabulary.

किसी भाषा के शब्दों के भण्डार को Vocabulary कहते हैं।

## V. SYLLABLES

किसी word का उच्चारण करने में उस word का जितना भाग एक बार में बोला जाता है उसे syllable कहते हैं। एक word में एक या अधिक syllables हो सकते हैं; जैसे—

1. एक syllable : you, go
2. दो syllables : fa – ther, wa – ter
3. दो से अधिक syllables : beau – ti – ful, po – ssi – bi – li – ty

❋ ❋ ❋